समाचार

# महापौर ने शीतला माता मंदिर मोतीसागर पारा में की पूजा अर्चना

(वार्ड सं. 7 मोतीसागर पारा के शीतला माता मंदिर की पालकी यात्रा में हुईं शामिल, मंदिर में पालकी यात्रा से पहले महापौर ने किया माता की विशेश पूजा–अर्चना, नगरवासियों की खुशहाली और समृद्धि हेतु मांगा माता से आशीर्वाद)



कोरबा 29 मई 2019 – कोरबा नगर पालिक निगम की महापौर और कोरबा की प्रथम महिला श्रीमती रेणु अगवाल ने वार्ड नं. 7 स्थित शीतला माता मंदिर में विशेष रूप से आयोजित षीतला माता की पालकी यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने माता शीतला की विधिवत पूजा अर्चना की और नगरवासियों की खुशहाली और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। तमिल समाज द्वारा आज के ही दिन प्रतिवर्ष माता शीतला की विशेष पूजा कर शोभायात्रा निकाली जाती है।

माता की यह पालकी यात्रा जनसमुदाय के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होती है। पालकी खींचनेवाला व्यक्ति अपनी पीठ में लोहे के बने दो हुक फंसाता है जिसमें रस्सी बांधकर वह पालकी को खींचता है। माता की पूजा और पालकी खींचने की इस विषेश परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

महापौर के साथ कोरबा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान सहित बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी और अन्य नागरिक शमिल हुए।